


विश्व दूध दिवस मनाया जा रहा है।

**लोक सभा चुनाव के अंतिम चरण में आज 57 सीटों पर होगा मतदान**

# मोदी समेत कई दिग्गजों की सीट पर वोटिंग

अर्चिस मोहन

लोक सभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ समेत सात राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में भी मतदान होगा जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की 4, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6 और झारखंड की 3 लोक सभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। ओडिशा की शेष 42 विधान सभा सीट के लिए चुनाव होगा और हिमाचल प्रदेश की 6 विधान सभा सीट के लिए उपचुनाव भी इसी के साथ संपन्न कराया जाएगा।

सात चरणों तक चलने वाले चुनाव में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। अंतिम चरण में लू के थपेड़ों के बीच लोग वोट डालेंगे। चुनाव मैदान में कुल 904 प्रत्याशी मौजूद हैं। इनमें शामिल प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती और अभिनेत्री कंगना रनौत हैं। इस चरण में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिलाएं और 3,574 'थर्ड जेंडर' मतदाताओं सहित 10.06 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करने के पात्र हैं।

शनिवार को होने वाले मतदान के साथ ही 19 अप्रैल से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। अब तक 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 486 लोक सभा सीट के लिए मतदान हो चुका है। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधान सभाओं के लिए भी मतदान हुआ। मतगणना 4 जून को होगी।

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, टेलीविजन चैनल और समाचार संस्थान 1 जून को शाम साढ़े छह बजे के बाद 'एग्जिट पोल' के आंकड़े और उसके नतीजे प्रसारित कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदानकर्मियों के दलों को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों पर भेज दिया गया है। इसने कहा कि 1.09 लाख मतदान केंद्रों पर पेयजल, रैंप और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि मतदान आरामदायक और सुरक्षित माहौल में हो सके। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान करने तथा जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान प्रक्रिया में शामिल होने का आह्वान किया।

पहले छह चरणों में मतदान क्रमशः 66.14 प्रतिशत, 66.71 प्रतिशत, 65.68 प्रतिशत, 69.16 प्रतिशत, 62.2 प्रतिशत और 63.36 प्रतिशत रहा था।

उत्तर प्रदेश में इस चरण की 13 लोक सभा सीट में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सुरक्षित), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) शामिल हैं, जो 11 जिलों में स्थित हैं। सातवें चरण में राज्य की 13 लोक सभा सीट में से 11 सामान्य श्रेणी की हैं, जबकि दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

इन चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय (चंदौली), केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर) और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी (महराजगंज) में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं वहीं पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर (बलिया), माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी (गाजीपुर), भोजपुरी अभिनेता रवि किशन और अभिनेत्री काजल निषाद (गोरखपुर) भी चुनाव लड़ रहे हैं। गंगा किनारे बसे प्राचीन आध्यात्मिक शहर वाराणसी से मोदी लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के लिए चुनाव मैदान में हैं। वाराणसी लोक सभा सीट पर प्रधानमंत्री मोदी को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवार एवं कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय चुनौती दे रहे हैं। राय दो बार पहले भी प्रधानमंत्री मोदी को इस सीट पर चुनौती दे चुके हैं।

तृणमूल कांग्रेस का पारंपरिक गढ़ माने जाने वाले दक्षिण बंगाल में शनिवार को मतदान होगा। लोक सभा चुनाव के सातवें चरण में पश्चिम बंगाल की दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर सीट पर मतदान होगा। इन सभी सीट पर 2019 लोक सभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर से चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी इस सीट को 'आदर्श निर्वाचन क्षेत्र' के रूप में प्रस्तुत करती है जबकि विपक्ष इसे 'हिंसा की प्रयोगशाला' के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करता है। दो बार के सांसद अभिषेक बनर्जी का मुकाबला मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रतिकुर रहमान और भाजपा के अभिजीत दास से है। अल्पसंख्यक बहुल बशीरहाट लोक सभा सीट और विशेष तौर पर संदेशखालि खंड में होने वाली चुनावी जंग पर पूरे देश की निगाह है। यहां स्थानीय तृणमूल नेताओं द्वारा महिलाओं पर अत्याचार और भूमि हड़पने के आरोपों के कारण सियासत काफी गर्मा गयी थी।

भाजपा ने इन मुद्दों पर मुखर होकर प्रदर्शन करने वाली स्थानीय महिला रेखा पात्रा को तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता हाजी नुरुल इस्लाम के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा। माकपा ने पूर्व विधायक निरपदा सरदार को चुनाव मैदान में उतारा है, जिससे इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। पंजाब में 13 लोक सभा सीट और चंडीगढ़ की एकमात्र सीट के लिए भी इस चरण में मतदान होगा, जिसमें 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं तथा शिरोमणि अकाली दल (शिअद) तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चुनाव मैदान में अकेले उतरी हैं। भाजपा और शिअद 1996 के बाद राज्य में पहली बार अपने दम पर लोक सभा चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, 'इंडिया' गठबंधन के दो दलों (कांग्रेस और आप) ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मंडी में रनौत और हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर हमीरपुर से पांचवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा कांगड़ा लोक सभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

बिहार में इस चरण में सासाराम, नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट और जहानाबाद में मतदान होगा। यहां लगभग 1.62 करोड़ मतदाता 134 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। राज्य में केंद्रीय मंत्री आर के सिंह आरा से जीत की 'हैट्रिक' बनाने की कोशिश में हैं, जहां उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाकपा माले के मौजूदा विधायक सुदामा प्रसाद हैं। पटना साहिब से भाजपा के वरिष्ठ सांसद रविशंकर प्रसाद उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस प्रवक्ता अंशुल अभिजीत से है। पाटलिपुत्र में मीसा भारती तीसरी बार किस्मत आजमा रही हैं। भाजपा सांसद रामकृपाल यादव इस सीट पर जीत की 'हैट्रिक' बनाने के प्रयास में हैं। **(साथ में एजेंसियां)**



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में नाव के जरिये मतदान सामग्री ले जाते मतदानकर्मी

## चुनावी रण का आखिरी चरण

- हिमाचल की 4, पंजाब की 13 चंडीगढ़ की 1, यूपी की 13, बिहार की 8, झारखंड की 3, पश्चिम बंगाल की 9, ओडिशा की 6 लोक सभा व 42 विधान सभा सीटों पर पड़ेंगे वोट
- वर्ष 2019 के चुनाव में इन 57 सीटों में से 25 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी, तृणमूल को 9, कांग्रेस को 8 व बीजद को मिली थी 4 सीट
- 1.09 लाख बूथों पर एक करोड़ से अधिक लोग करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग, 10 लाख से ज्यादा अधिकारी किए गए तैनात, निर्वाचन आयोग ने लू से बचाव के इंतजाम करने के दिए आदेश
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (वाराणसी), केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, अभिषेक बनर्जी, मीसा भारती, अनुप्रिया पटेल, महेंद्र नाथ पांडेय, कंगना रनौत, अफजाल अंसारी के भाग्य का होगा फैसला

# गंभीर अपराध में दोषी ठहराए गए डॉनल्ड ट्रंप



हेराफेरी के दोषी, ऐसा करने वाले पहले अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति

**अमेरिका** में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डॉनल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत गुरुवार को दोषी पाया गया।

इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने पोर्न स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। यह निर्णय लगभग डेढ़ दिन के विचार-विमर्श के बाद आया है। इस फैसले के बावजूद ट्रंप को नवंबर में होने वाले चुनाव में खड़े होने से नहीं रोका जा सकता, लेकिन यह लगभग तय है कि वह इसके खिलाफ अपील करेंगे।

छह सप्ताह तक चली सुनवाई के दौरान अदालत ने 22 गवाहों की गवाही सुनी, जिनमें डेनियल्स भी शामिल थीं, जिनका पूर्व राष्ट्रपति के साथ कथित यौन संबंध मामले के केंद्र में था। जब फैसला सुनाया गया तो ट्रंप चुप और स्थिर रहे। अदालत कक्ष के बाहर ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि यह फैसला एक दोषपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था का परिणाम है। ट्रंप ने उनके खिलाफ फैसला सुनाए जाते ही कहा, 'यह शर्मनाक है। यह एक विवादित न्यायाधीश द्वारा की गई दोषपूर्ण, भ्रष्ट सुनवाई थी। **भाषा**

# राजनीति की दिशा तय करेगा सेब

असित रंजन मिश्र

**हिमाचल** प्रदेश के सौंदर्य का पर्याय बन चुके सेब के बागों ने यहां की अर्थव्यवस्था को बदलकर रख दिया। प्रदेश के1,15,680 हेक्टेयर क्षेत्र में सेब की खेती होती है। शिमला और मंडी में सबसे ज्यादा सेब के बाग हैं। लगभग 3 लाख परिवार इससे सीधे रोजगार पाते हैं। इसलिए राजनीतिक रूप से यह काफी नाजुक मसला है। बीते 23 मई को हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने एक संयुक्त बयान में दावा किया कि पिछले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेब पर आयात कर तीन गुना करने की बात कही थी, लेकिन इसके उलट केंद्र की सरकार ने इसे घटाकर 50 फीसदी कर दिया। इससे राज्य के सेब उत्पादकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। दूसरी ओर, भाजपा इसका खंडन कर रही है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, 'जब अमेरिका ने भारतीय सेब पर कुछ प्रतिबंध लगाए तो बदले में भारत ने भी सेब समेत कुछ कृषि उत्पादों पर कर लगा दिए। बातचीत के बाद अब दोनों देश अपने अपने फैसले से पीछे हटने को राजी हुए हैं।'

कांग्रेस सेब की खेती में भी अदाणी का पेंच ढूंढ़ लाई है। सिरमौर जिले के नाहन में पिछले दिनों एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सेब की कीमतों पर नियंत्रण के लिए मोदी सरकार ने राज्य की भंडारण इकाइयां एक ही व्यक्ति को सौंप दी हैं। उन्होंने कहा, 'मोदी और अदाणी के बीच साझेदारी के चलते हिमाचल के सेब उत्पादकों को अपनी उपज की पर्याप्त कीमत नहीं मिल रही है।' इस बारे में प्रतिक्रिया के लिए राज्य में तीन कोल्ड स्टोरेज चलाने वाली अदाणी एग्री फ्रैश लिमिटेड को ईमेल भेजा गया था, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं मिला। मार्च-अप्रैल में ठंड नहीं पड़ी, जिससे फूल सूख गए और फल नहीं बन पाए अब किसानों को नुकसान डर है।

# लू से 25 मतदान कर्मियों की मौत

**उत्तर** प्रदेश और बिहार में लू लगने से 25 मतदान कर्मियों की मौत हो गई। इनमें उत्तर प्रदेश में 15 जबकि बिहार में 10 अधिकारियों की जान चली गई। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों पर लू से बचाव के आदेश दिए हैं।

मिर्जापुर में ड्यूटी पर तैनात 13 मतदान कर्मियों की मौत हुई है। सोनभद्र में मतदान ड्यूटी पर तैनात दो कर्मियों की मौत हुई और 9 बीमार हो गए। बिहार में आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार अधिकतर मौतें भोजपुर में हुईं, जहां चुनाव ड्यूटी पर तैनात पांच अधिकारियों की लू लगने से मौत हो गई। रोहतास में तीन चुनाव अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि कैमूर और औरंगाबाद में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। **भाषा**

**इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल)**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट ए और बी, 5वीं मंजिल, कार्यालय ब्लॉक 2, एनबीसीसी टावर्स, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110 023
सीआईएन: U67190DL2006GOI144520

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**संदर्भ: निविदा सं. IIFCL/IT/2024/04 : दिनांक 29/05/2023**

"इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल), क्षेत्रीय कार्यालयों और इसकी सहायक कंपनियों के लिए एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सिस्टम: प्रोजेक्ट सुपर (एसएपी अपग्रेड, एन्हांसमेंट और रेट्रोफिट) के उन्नयन के लिए यूएटी पार्टनर के चयन" हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आमंत्रित करता है। कार्य के दायरे, पात्रता मानदंड आदि सहित अन्य विवरणों के लिए कृपया आईआईएफसीएल की वेबसाइट: **https://www.iifcl.in** और जी.ई.एम बोली क्रमांक - GEM/2024/B/4993741 पोर्टल: **https://www.gem.gov.in** पर देखें।

ह./-
महाप्रबंधक - आईटी

www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा जनसंपर्क एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) के तहत पात्र जनसंपर्क एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** पर 'निविदा खंड' के अंतर्गत उपलब्ध है।

अन्य सूचना, यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** पर निविदा खंड के तहत जारी किया जाएगा। प्रस्ताव हेतु अनुरोध को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

**बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 24 जून, 2024 अपराह्न 3.00 बजे तक है।**

**स्थान: मुंबई**
**दिनांक: 01.06.2024**

**प्रमुख**
**(विपणन एवं ब्रांडिंग)**
27/24-25

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**सामान्य सेवाएं प्रशासन प्रभाग**
**प्लॉट संख्या: 4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075**
**ई–मेल: renovation@pnb.co.in**

**ई-निविदा सूचना**

पंजाब नैशनल बैंक **"पीएनबी प्रधान कार्यालय, प्लॉट नं. 4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075 में 20 सर्वर रैक की व्यवस्था के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना" के लिए पात्र** ठेकेदारों से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करता है।

परियोजना की अनुमानित लागत ₹3,04,82,011/– (जीएसटी सहित) है। निविदा को बैंक की वेबसाइट **https://pnbindia.in** और **https://etender.pnbnet.in** से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदा डाउनलोड करने, बोली तैयार करने और हैश जमा करने की अंतिम तिथि और समय **24 जून 2024 को 1600 बजे तक** है। बोली पुनः एन्क्रिप्शन की अंतिम तिथि **25 जून 2024 को 1200 बजे तक** है।

विवरण के लिए, हमारी वेबसाइट **https://etender.pnbnet.in** पर जाएं उपरोक्त कार्य के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण केवल वेबसाइट **https://pnbindia.in** और **https://etender.pnbnet.in** पर जारी किया जाएगा, जिसे नियमित रूप से देखा जा सकता है।

**मुख्य प्रबंधक**



एनएमडीसी
NMDC

**जिम्मेवार खनन**

वैज्ञानिक | सुस्थिर | खुशियाँ बिखेरते हुए

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

भारतीय रुपए-करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | एकल: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | एकल: समाप्त तिमाही 31-दिसम्बर-2023 अलेखापरीक्षित | एकल: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | एकल: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | एकल: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही 31-दिसम्बर-2023 अलेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | समेकित: समाप्त वर्ष 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 6,475.27 | 5,409.90 | 5,851.37 | 21,293.81 | 17,666.88 | 6,489.31 | 5,409.90 | 5,851.37 | 21,307.85 | 17,666.88 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों, बंद चालनों से पूर्व) | 2,435.14 | 2,252.28 | 2,048.46 | 8,295.45 | 6,400.25 | 2,388.73 | 2,229.69 | 2,048.34 | 8,234.81 | 6,409.34 |
| 3 | अवधि के लिए कर से पूर्व निवल लाभ / (हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों बंद प्रचालनों के पश्चात) | 2,404.94 | 1,999.51 | 3,285.48 | 8,011.98 | 7,636.61 | 2,358.53 | 1,976.92 | 3,285.36 | 7,951.34 | 7,645.70 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 1,462.03 | 1,492.32 | 2,277.06 | 5,631.89 | 5,528.63 | 1,415.62 | 1,469.73 | 2,276.94 | 5,571.25 | 5,537.72 |
| 5 | सहायक कंपनी / जेवी के लाभ/(हानि) का हिस्सा | - | - | - | - | - | (5.84) | 11.99 | (5.36) | (0.38) | 64.84 |
| 6 | अनियंत्रणकारी ब्याज (लाभ) / हानि | - | - | - | - | - | (2.89) | (2.21) | 0.05 | (4.19) | 1.10 |
| 7 | कर, अनियंत्रणकारी ब्याज तथा सहायक / जेवी कंपनी के लाभ / हानि के अंश के पश्चात निवल लाभ / (हानि) | 1,462.03 | 1,492.32 | 2,277.06 | 5,631.89 | 5,528.63 | 1,412.67 | 1,483.93 | 2,271.53 | 5,575.06 | 5,601.46 |
| 8 | अवधि के लिए कुल समेकित आय {अवधि के लिए (कर पश्चात) लाभ / (हानि) सहित तथा अन्य समेकित आय (कर पश्चात)} | 1,402.12 | 1,499.59 | 2,300.63 | 5,593.79 | 5,558.30 | 1,363.46 | 1,481.10 | 2,313.96 | 5,553.03 | 5,706.43 |
| 9 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु.1) | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 |
| 10 | अन्य इक्विटी (तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकित आरक्षिती को छोडकर) | | | | 25,112.71 | 22,039.24 | | | | 25,362.83 | 22,327.76 |
| 11 | नेट वर्थ | | | | 25,405.78 | 22,332.31 | | | | 25,672.91 | 22,635.06 |
| | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु.1/- का) | | | | | | | | | | |
| 12 | मूल (रुपए मे) | 4.99 | 5.09 | 7.77 | 19.22 | 18.86 | 4.82 | 5.06 | 7.75 | 19.02 | 19.11 |
| 13 | डाइल्यूटेड (रुपए मे) | 4.99 | 5.09 | 7.77 | 19.22 | 18.86 | 4.82 | 5.06 | 7.75 | 19.02 | 19.11 |

**टिप्पणियां :**

1. उपर्युक्त सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के नियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत फार्मेट का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण फार्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com and www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट www.nmdc.co.in पर उपलब्ध हैं।
2. गत अवधि के आंकडे आवश्यकतानुसार पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 27 मई 2024

एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से

हस्ता/- (अमिताभ मुखर्जी)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार),
निदेशक (वित्त) डीआईएन नं. 08265207

सर्वोत्तम

45.02 मि.टन लौह अयस्क — उत्पादन

44.48 मि.टन लौह अयस्क — बिक्री

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी.कार्यालय : 10-3-311/ए, 'खनिज भवन', कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028
सीआईएन : L13100TG1958GOI001674

nmdclimited | ज़िम्मेवार खनन | www.nmdc.co.in